बृजमोहन अग्रवाल
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं. : 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 3395/सांसद रायपुर लोकसभा/ रायपुर, दिनांक 13.4.25

प्रति,

श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़।

विषय :- राजधानी रायपुर व रायपुर जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ करने एवं यातायात व्यवस्था का सुधारने पुलिस विभाग में रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती व अतिरिक्त बल (पद) स्वीकृत करने बाबत्।

संदर्भ :- पत्र क्र. 298/सांसद, रायपुर लोकसभा, दिनांक 23.07.2024।

— 0 —

मान. महोदय,

विषयांतर्गत राजधानी रायपुर में लगातार बढ़ते जनसंख्या के दबाव, अपराध के नये-नये तरीके, सायबर अपराध, यातायात की उत्पन्न होती गंभीर स्थिति एवं पंजीकृत वाहनों के बढते दबाव को रोकने के लिए पुलिस बल के रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती एवं जनसंख्या के आधार पर अतिरिक्त बल की स्वीकृत की आवश्यकता प्रतीत होती है। रायपुर पुलिस में पर्याप्त बल न होने के चलते एक ओर जहां, पुलिस विभाग का कार्य प्रभावित हो रहा है, वहीं जनता को भी तकलीफ हो रही है। राजधानी रायपुर के बढ़ती जनसंख्या जो आज लगभग 16 लाख से भी अधिक हो गई है, वहीं रायपुर के चारो तरफ राजधानी का फैलाव भी हो रहा है। वर्तमान में साईबर अपराध सहित अनेक नये नये अपराध के तरीके अपराधी इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसे रोकने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की आवश्यकता है।

वर्तमान में रायपुर जिले में पुलिस विभाग में कुल 3805 पद स्वीकृत है, जिसमें 796 पद वर्तमान में रिक्त है। आज की स्थिति में कुल 377 व्यक्ति के पीछे एक बल स्वीकृत है एवं 477 व्यक्ति के पीछे एक बल वर्तमान में उपलब्ध है। आरक्षक के स्वीकृत 2738 पदों के विरूद्ध 2007 पद ही भरे हुए हैं, 731 पद रिक्त हैं। प्रधान आरक्षक के 14, उप निरीक्षक 91 पद सहित विभिन्न वर्गों के 796 पद जिले में रिक्त है। राजधानी रायपुर में पुलिस विभाग का सेटअप भी बढ़ाने की आवश्यकता है। लगातार वीआईपी मूमेंट व बढती जनसंख्या व राजधानी के बढते स्वरूप के कारण वर्तमान 3805 पदों की स्वीकृति कहीं से भी पर्याप्त नहीं होता है।

क्रमशः 2

बृजमोहन अग्रवाल
सांसद,
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

निवास : बी-5/1, शंकर नगर, रायपुर
फोन नं. : 0771-2331070, 2331011
फैक्स नं. : 0771-4049410
ई-मेल : bm.raipur@sansad.nic.in
bm.raipur@gmail.com

क्रमांक 3395 /सांसद रायपुर लोकसभा/ रायपुर, दिनांक 13.4.25

राजधानी रायपुर में यातायात का दबाव एवं पंजीकृत वाहनों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। रायपुर जिले के आबादी, क्षेत्र एवं पंजीकृत वाहनों की तुलना में यातायात नियंत्रण/प्रबंधन हेतु यातायात शाखा में उपलब्ध बल बहुत ही कम है। बल की कमी के चलते रायपुर शहर में यातायात की व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस विभाग को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी में लगातार वीआईपी मूमेन्ट व बल की कमी के चलते शहर के अनेक चौक चौराहो एवं क्षेत्र विशेष में रोज जाम की स्थिति बनी रहती है।

वर्ष 2023 के अनुसार रायपुर जिले की जनसंख्या 30 लाख के आसपास है। वहीं रायपुर, बिरगांव, मंदिर हसौद एवं माना नगरीय ईकाई का मिलाकर तो 20 लाख के आसपास की आबादी तो शहर में ही रहती है। जिले में सडक की लंबाई 3005 कि.मी. है और 17 लाख 94 हजार 201 वाहन जिले में पंजीकृत है, वहीं इतने ही तादाद में अन्य जिलों से वाहन भी राजधानी में हर समय रहता है।

रायपुर यातायात शाखा के लिए स्वीकृत बल **बी.पी.आर. एण्ड डी. के अनुसार 2388 होनी चाहिए। किंतु रायपुर में बल की संख्या मात्र 416** है जो कहीं से भी उपयुक्त नहीं है। रायपुर के यातायात व्यवस्था का दुरूस्थ करने रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती व बी.पी.आर. एण्ड डी. के पात्रता के अनुसार कमी 1972 पदों को स्वीकृत करने का कष्ट करेंगे।

माननीय मैंने पूर्व में भी इस गंभीर विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट किया था। कृपया राजधानी रायपुर सहित जिले में पुलिस विभाग की व्यवस्था सुदृढ़ करने स्वीकृत पदों को तत्काल भरने एव राजधानी के अनुरूप सुविधा के लिए अतिरिक्त बल स्वीकृत करने हेतु तत्काल कार्यवाही हेतु समुचित निर्देश देना चाहेंगे।

सादर

(बृजमोहन अग्रवाल)